# सीएम ने स्व-गणना पोर्टल पर कराया पंजीकरण

## राज्यपाल पटेल ने भी स्व-गणना प्रक्रिया में लिया हिस्सा



भोपाल, 16 अप्रैल. राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी आज लोकभवन में देश की 16वीं जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया में शामिल हुए. उन्होंने स्व-गणना पोर्टल पर ऑनलाइन स्व-गणना संबंधी जानकारियाँ दर्ज कीं.

राज्यपाल को बताया गया कि जनगणना का कार्य प्रदेश में दो चरणों में किया जा रहा है. इस कार्य में प्रदेश के 1 लाख 60 हजार कर्मचारियों को संलग्न किया गया है. देश में पहली बार केन्द्र सरकार ने नागरिकों को जनगणना की प्रक्रिया में सह भागिता का अवसर प्रदान करने के लिए स्व-गणना की अभिनव पहल की है।नागरिकों की सहभागिता से जनगणना की जानकारियों की पारदर्शिता ब?गी। जानकारियों में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना समाप्त हो जायेगी. उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 का कार्य मध्यप्रदेश राज्य में दो चरणों में किया जाना है.

- 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्व-गणना का कार्य होगा
- एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है. यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है. जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है.**



इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है. प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये. यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है.

प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा. एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा. यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है. इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं.

यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है. प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे. जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं. उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा.

# भाजपा नेता के भतीजे की हैवानियत

- महिला के स्तन और पसलियों पर किए चाकू से वार
- पुलिस को नहीं मिली शिकायत

**खंडवा.** जिले से रूह कंपा देने वाली एक ऐसी वारदात सामने आई है जिसने न केवल मानवता को शर्मसार किया है, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रहे अपराधियों के बुलंद हौसलों की पोल भी खोल दी है. जिले के बोरगांव बुजुर्ग क्षेत्र में भाजपा मंडल अध्यक्ष के कथित भतीजे आकाश पर एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ दरिंदगी करने और नाकाम रहने पर चाकू से उसका स्तन काटने का गंभीर आरोप लगा है. पीड़िता पिछले छह दिनों से अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है, लेकिन पुलिस की संवेदनहीनता का आलम यह है कि इतने जघन्य अपराध के बाद भी अब तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है.

घटना 11 अप्रैल की रात की बताई जा रही है जब पीड़िता का पति काम के सिलसिले में बुरहानपुर गया हुआ था. आरोपी आकाश पटेल ने पति के व्हाट्सएप स्टेटस से उसके घर पर न होने की जानकारी पुख्ता की और खिड़की की जाली तोड़कर घर में दाखिल हो गया. पीड़िता के पति के अनुसार, आरोपी पिछले कई दिनों से महिला पर बुरी नजर रख रहा था और उसे दुष्कर्म की धमकी दे रहा था. उस रात जब आरोपी ने छेड़छाड़ का विरोध होते देखा, तो उसने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए चाकू से महिला के स्तन और पसलियों पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। हैरत की बात यह है कि घटना के छह दिन बीत जाने के बाद भी कानून के रखवाले मौन साधे हुए हैं. पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव के चलते शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और इसे पारिवारिक विवाद बताकर टालने की कोशिश की। जहाँ एक ओर अस्पताल के डॉक्टरों ने पुष्टि की है कि महिला के शरीर पर धारदार हथियार से गहरे घाव किए गए हैं, वहीं चौकी प्रभारी का यह कहना कि उन्हें कोई लिखित शिकायत नहीं मिली, पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है.



### मंडल अध्यक्ष ने पारिवारिक संबंध होने से किया इंकार

इधर, मामले ने जब राजनीतिक तूल पकड़ा तो भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने आरोपी से किसी भी तरह के पारिवारिक संबंध होने से साफ इनकार कर दिया है. उन्होंने इन आरोपों को मनगढ़ंत करार दिया है, जबकि ग्रामीण और पीड़ित परिवार आरोपी को उनका करीबी बता रहे हैं. वर्तमान में पीड़िता की हालत नाजुक बनी हुई है और गरीब परिवार इलाज के लिए कर्ज लेने को मजबूर है. यह मामला साफ तौर पर दर्शाता है कि जब अपराधियों को रसूखदार लोगों का साथ मिलता है, तो वे न केवल कानून को ठेंगे पर रखते हैं बल्कि पुलिस तंत्र को भी पंगु बना देते हैं.

### पुलिस को नहीं दी सूचना

6 दिन पुराना मामला है, पीड़िता सीधे अस्पताल चले गई थी. पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी अभी अस्पताल जाकर पीड़िता के बयान लिया जा रहे है. बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

- एसआई अविनाश भोपले

# आरटीओ भवन में सिटी ट्रांसपोर्ट ऑफिस बनेगा


- 160 कर्मचारियों की होगी भर्तियां
- मक्सी रोड डिपो भी होगा हाईटेक
- उज्जैन में जल्द दौड़ेंगी 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसें

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. भरतपुरी स्थित पुराने आरटीओ भवन को रिनोवेशन के बाद सिटी ट्रांसपोर्ट ऑफिस के रूप में तैयार किया जा रहा है. ये बिल्डिंग उज्जैन विकास प्राधिकरण की ही है, और इसी विभाग के सीईओ संदीप सोनी को उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट का सीईओ बनाया गया है. यहां का आरटीओ दफ्तर दाऊदखेड़ी शिफ्ट हो गया है.**

रिनोवेट होने के बाद भरतपुरी का यह कार्यालय सिटी बस संचालन के उपयुक्त रहेगा, यहां काफी जगह है,आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नए स्वरूप में संचालित किया जाएगा.

**सोनी ड्राइविंग सीट पर**-सिटी बस संचालन से लेकर मॉनीटरिंग तक पूरी व्यवस्था की कमान संदीप सोनी को सौंपी गई है. इंदौर नगर निगम में पदस्थ रहने के दौरान सिटी बस संचालन का श्री सोनी को अनुभव है. उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से 15 से अधिक सड़के पुल और अन्य विकास कार्य निर्माण कार्य भी यूडीए द्वारा किए जा रहे हैं. ऐसे में शहर में जब सिटी बस संचालन होगा तो काफी हद तक रूट्स पर मदद मिलेगी.



## 100 इलेक्ट्रिक बसें आएंगी

नई परिवहन नीति के तहत 100 इलेक्ट्रिक सिटी बसों के संचालन की तैयारी तेज हो गई है. इन बसों के संचालन, प्रबंधन और मॉनिटरिंग के लिए लगभग 160 से 180 कर्मचारियों का स्टाफ तैनात किया जाएगा, जिसमें अधिकांश कर्मचारी भोपाल से आएंगे, जबकि कुछ की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर भी की जाएगी.

**राज्य परिवहन निगम पुनर्जीवित**-मध्यप्रदेश में बंद हो चुके राज्य परिवहन निगम को पुनर्जीवित करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन के तहत यह बड़ा कदम माना जा रहा है. योजना को क्रियान्वित करने में जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह की अहम भूमिका है.

**पुराने डिपो का रिनोवेशन**-बसों के लिए मक्सी रोड स्थित पुराने डिपो को विकसित कर आधुनिक चार्जिंग स्टेशन और वर्कशॉप तैयार की जा रही है,जिसकी राशि लगभग 15 करोड़ रुपए है. यहां बसों की पार्किंग, मेंटेनेंस की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इसके लिए विद्युत विभाग को लगभग 4 करोड़ 35 लाख रुपये जमा किए जा चुके हैं, जबकि ट्रांसको लिमिटेड को करीब डेढ़ करोड़ रुपये की राशि दी गई है.

**9 मीटर लंबी बसें**-दिल्ली की ग्रीन सेल मोबिलिटी कम्पनी से 100 बसे उज्जैन आएंगी, 9 मीटर लंबाई की आधुनिक इलेक्ट्रिक बसें उज्जैन में चलाई जाएंगी, जिनके संचालन के लिए नगर निगम और ठेकेदार के बीच लिखित अनुबंध किया जाएगा. इसमें राजस्व वितरण और संचालन की शर्तें स्पष्ट रूप से तय होंगी.

### उज्जैन से शुरू होगा नवाचार

सीएम के गृह नगर उज्जैन से इस नवाचार की शुरुआत होगी, जहां से इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर किया जाएगा. इस प्रोजेक्ट में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा को डायरेक्टर की जिम्मेदारी भी दी गई है. प्राइवेट बस संचालकों से भी अनुबंध होगा और नई परिवहन नीति के तहत निजी बसें भी सरकारी स्तर पर चलाई जाएंगी.



# संगठन की मजबूती के लिए कांग्रेस की बैठक

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 16 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को भोपाल स्थित इंदिरा भवन में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकों की श्रृंखला आयोजित की। इन बैठकों में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.**

पहले चरण में इंदौर और खंडवा संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक हुई, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई. इस दौरान सह प्रभारी उषा नायडू, प्रशिक्षण विभाग प्रभारी महेंद्र जोशी और संगठन महासचिव संजय कामले सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे.

इसके बाद रीवा और सागर संभाग के जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इसके पश्चात मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की बैठक हुई, जिसमें भविष्य की रणनीति, संगठन विस्तार और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई. बैठक में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, एआईसीसी सचिव उषा नायडू और पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए. बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है.

# सड़क हादसे में 3 की मौके पर मौत

**गोटेगांव, 16 अप्रैल. नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में मासूम बच्ची सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं.**

यह हादसा गोटेगांव बाईपास के बगासपुर मार्ग पर संगम गार्डन के पास हुआ, जहां दो बाइकों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। थाना गोटेगांव एस.आई संतराम चौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, निवासी छिंदोरी हार रेलवे पुल के पास दौलत सिलावट अपनी पत्नी सपना सिलावट, 3 वर्षीय बेटी सिद्धी और नीरज सिलावट के साथ बगासपुर से अपने ससुराल से गोटेगांव लौट रहे थे. इसी दौरान सामने से आ रही निवासी नूरी मोहल्ला कासिम खान की बाइक से उनकी बाइक की तेज भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही दौलत सिलावट और कासिम खान की मौत हो गई। हादसे में सपना सिलावट, मासूम सिद्धी और नीरज सिलावट गंभीर रूप से घायल हो गए.

घायलों को तत्काल गोटेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान गुरुवार को 3 वर्षीय सिद्धी ने भी दम तोड़ दिया.

फिलहाल सपना सिलावट और नीरज सिलावट का जबलपुर में इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निगरानी की गई परियोजनाएँ एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित
(भारत सरकार का एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) स्थित नॉलेज पार्क-V में स्थित पूर्व आम्रपाली समूह की टेक पार्क परियोजना की बिक्री NBCC के माध्यम से की जा रही है।
इच्छुक पक्ष RAILTEL (ई-नीलामी आयोजित करने के लिए NBCC (INDIA) LTD द्वारा नियुक्त एजेंसी) या वेबसाइट **https://nbccauction.enivida.com** पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 23.04.2026 है।**
**ई-नीलामी 24.04.2026 को आयोजित की जाएगी।**

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: 9772907414


## पेज एक का शेष

### बिल को राजनीतिक रंग न दें : पीएम

#### मोदी की स्पीच की खास बातें

- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें. हम भारतीय मिलकर देश को नई दिशा देने जा रहे हैं. हमारी शासन व्यवस्था को एक संवेदनशीलता से भरने का एक सार्थक प्रयास करने जा रहे हैं.
- मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तय करने के साथ देश की दिशा और दशा भी तय करेगा.
- मैं मानता हूं कि विकसित भारत का मतलब, सिर्फ उत्तम प्रकार की रेल, कुछ इंफ्रास्ट्रक्चर, रास्ते या कुछ आर्थिक प्रगति के आंकड़े, सिर्फ इतने से विकसित भारत की सीमित कल्पना वाले हम नहीं हैं. हम चाहते हैं कि विकसित भारत के नीति निर्धारण में सबका साथ-सबका विकास का मंत्र समाहित हो.
- देश की 50 प्रतिशत जनसंख्या देश की नीति निर्धारण का हिस्सा बने, ये समय की मांग है. हम पहले ही देरी कर चुके हैं, कारण कुछ भी हो, जिम्मेदार कोई भी हो. इसे हमें स्वीकार करना होगा.
- देश में करीब 650+ जिला पंचायतें हैं. करीब पौने तीन सौ महिलाएं उसका नेतृत्व करती हैं. एक कैबिनेट मिनिस्टर से ज्यादा जिम्मेदारी होती है उन पर काम करती हैं वो. करीब 6,700 ब्लॉक पंचायतों में से करीब 2700 से अधिक ब्लॉक पंचायतें ऐसी हैं, जिनका नेतृत्व महिलाओं के हाथ में हैं. आज देश में 900+ शहरों में अर्बन लोकल बॉडीज की हेड के रूप में बहनें कार्यरत हैं. मैं मानता हूं, आज देश जो प्रगति कर रहा है, इनका भी महत्वपूर्ण योगदान है, इस ऋण को हमें स्वीकार करना चाहिए.

पीएम मोदी ने कहा कि यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है. इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा, लेकिन अगर साथ चलेंगे तो किसी को कोई राजनीतिक फायदा नहीं होगा. हमें क्रेडिट नहीं चाहिए.

### दो बसों की टक्कर 15 यात्री घायल

मुरैना, 16 अप्रैल. मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में आज गुरुवार को दो निजी बसों के बीच आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में महिलाओं और बच्चों सहित करीब डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए मुरैना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार हादसा दिमनी थाना क्षेत्र के मुरैना-अंबाह मार्ग स्थित ग्राम रतीराम के पूरा के समीप हुआ.






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60